पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु किशोरियों के वैक्सीनेशन का तृतीय कैम्प आयोजित

प्रमुख सचिव राज्यपाल श्रीमती कल्पना अवस्थी ने कैम्प का उद्घाटन किया

डॉ0 राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान एवं राजभवन चिकित्सालय के संयुक्त संयोजन में 200 बालिकाओं का टीकाकरण पूर्ण

लखनऊः 07 सितम्बर, 2022

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु राजभवन में आज किशोरियों के वैक्सीनेशन का तीसरा कैम्प आयोजित हुआ। प्रमुख सचिव राज्यपाल श्रीमती कल्पना अवस्थी ने बालिकाओं को वैक्सीनेशन की अंतिम डोज के लिए लगाए गए इस कैम्प का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने कहा कि प्रदेश की राज्यपाल जी द्वारा महिलाओं को ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर से बचाने के अभियान के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं में सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर के आंकड़ों के प्रति संवेदनशील होकर राज्यपाल जी इसकी रोकथाम के लिए बालिकाओं को वैक्सीनेशन कराने हेतु जागरूकता प्रसार के लिए निरन्तर प्रेरणा दे रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्यपाल की प्रेरणा से गत् 07 एवं 25 मार्च, 2022 को राजभवन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तथा डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के संयोजन से स्कूली 9 से 18 वर्ष की बालिकाओं को एच.पी.वी. वैक्सीन की निःशुल्क प्रथम डोज लगायी गयी, जिसके क्रम में आज उन बालिकाओं को वैक्सीन की दूसरी डोज निःशुल्क दी जा रही है। प्रमुख सचिव कल्पना अवस्थी ने कैम्प की

सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और वैक्सीनेशन के लिए आयी सभी बालिकाओं को वैक्सीनेशन उपरान्त जूस एवं चाय उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।

कैम्प में आयी आर.एम.एल. संस्थान की निदेशक प्रो0 सोनिया नित्यानंद ने जानकारी दी कि आज के कैम्प में बालिकाओं को वैक्सीनेशन के साथ–साथ उनका ब्लड सैंपल भी लिया गया। इससे बालिकाओं का एनीमिया लेबल चेक किया जायेगा। इस जांच में जो बालिकाएं एनीमिक पायी जायेंगी उन्हें डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान से निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध करायी जायेंगी।

यहाँ बताते चलें कि राज्यपाल जी की प्रेरणा से प्रदेश भर में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एच.पी.वी. वैक्सीनेशन हेतु विविध जागरूकता कार्यक्रमों के साथ–साथ वैक्सीनेशन कैम्प लगाने का कार्य गत् वर्ष से जारी है। राज्यपाल जी द्वारा इस बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने, अधिक से अधिक महिलाओं की स्क्रीनिंग करवाने, एच.पी.वी. टीकाकरण के महत्व को समझाने हेतु सिविल सोसाइटी आर्गेनाइजेशन, महिला समूहों और सामुदायिक जन–प्रतिनिधियों को प्रेरित किया गया है।

राजभवन में कार्यरत महिला चिकित्सक डॉ. गीता चौधरी ने जानकारी दी कि आज के कैम्प में 200 बालिकाओं का वैक्सीनेशन किया गया। इस अवसर पर वैक्सीनेशन कार्य हेतु राजभवन में डॉ0 अनिल निर्माण, डॉ0 गीता चौधरी, डॉ0 वीनम यादव, डॉ0 मनीराम तथा आर.एम.एल. संस्थान से डॉ0 नीतू सिंह, डॉ0 अनिल, डॉ0 मोना एवं डॉ0 वंदना सहित पैरामेडिकल स्टाफ ने कैम्प आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।

———–

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन (197/16)
सम्पर्क सूत्र– 8318116361


"आओ हम किशोरियां एच.पी.वी.का टीका लगवायें,
प्रदेश व देश को सर्वाइकल कैंसर से मुक्त बनाये"
माननीय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से
डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान
द्वारा आयोजित
"नि:शुल्क एच.पी.वी.टीकाकरण व
सर्वाइकल कैंसर जागरुकता शिविर"
स्थल : राजभवन लखनऊ
दिन बुधवार, दिनांक 7 सितम्बर 2022 समयः प्रातः 10:00 बजे